2017 से पहले तुष्टीकरण का तेजाबी दंश सहने को विवश थी अयोध्याः योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट की अयोध्या की प्राचीन व नवीन तस्वीर, पूर्ववर्ती सरकार को आइना दिखाया

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 'एक्स' पर पोस्ट कर प्रदेशवासियों को अयोध्या की प्राचीन व नवीन तस्वीर से अवगत कराया। उन्होंने अयोध्या को लेकर पूर्ववर्ती सरकार को आईना दिखाया तो अपनी सरकार में किए गए कार्यों का उल्लेख भी किया।

मुख्यमंत्री ने लिखा कि अयोध्या सभ्यता की जन्मभूमि, संस्कृति की प्राणधारा और आस्था की शाश्वत ज्योति है, किंतु वर्ष 2017 से पहले यह दिव्य नगरी उपेक्षा, अव्यवस्था और तुष्टीकरण का तेजाबी दंश सहने के लिए विवश थी। श्रद्धालुओं की यात्रा कठिन, नगर की व्यवस्थाएं जर्जर और स्थानीय परिवारों की संभावनाएं सीमित थीं।

अयोध्यावासियों के घर-आंगन तक पहुंच रहा परिवर्तन का प्रकाशः मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या की प्राचीन गरिमा को आधुनिक विकास का नया विस्तार मिला है। भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से लेकर रामपथ, धर्मपथ, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और आधुनिक रेलवे स्टेशन तक, हर निर्माण श्रद्धालुओं की सुविधा एवं राम नगरी के गौरव से जुड़ा है। इस परिवर्तन का प्रकाश अयोध्या वासियों के घर-आंगन तक पहुंच रहा है। बढ़ता पर्यटन व्यापार को संबल दे रहा है, नए अवसर युवाओं को रोजगार से जोड़ रहे हैं और स्थानीय परिवार समृद्धि की नई आशाएं संजो रहे हैं।

विरासत के साथ प्रगति का नया अध्याय लिख रही प्रभु श्रीराम की प्राणप्रिय नगरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी विकास की प्रतीक्षा करती अयोध्या आज अपनी विरासत के साथ प्रगति का नया अध्याय लिख रही है। असंख्य सनातनियों की आस्था, अस्मिता और आराधना का यह केंद्र आज 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार करते हुए सांस्कृतिक चेतना और समृद्धि का उज्ज्वल प्रतीक बन गया है।

जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं, महिला को पति के इलाज का दिया भरोसा, अधिकारियों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, गोरखपुर : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान एक महिला ने मस्तिष्क आघात से पीड़ित पति के ऑपरेशन में मदद का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने महिला से उसके पति के अब तक हुए उपचार की जानकारी ली और पूरे सहयोग का भरोसा देते हुए कहा- 'घबराइए मत, आपके पति के उपचार में कोई दिक्कत नहीं आने देंगे। इसके लिए विवेकाधीन कोष से भी आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जाएगी।'

मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में आई एक अन्य बीमार महिला को समुचित इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। रविवार को जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी लगभग 150 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक जाकर मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्र लेकर अधिकारियों को समस्या समाधान के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी की समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतोषप्रद होना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने



अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। मिलने आए लोगों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर सीएम ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों व भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनता दर्शन में कुछ महिलाएं अपने बच्चों को लेकर आई थीं। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को खूब दुलारा और चॉकलेट के साथ आशीर्वाद दिया।

कबीर अमृतवाणी सत्संग में गूंजे कबीर के दोहे, 'जो कुछ किया साहिब किया, तोते भये कबीर...'

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, महोबा : उत्तर प्रदेश के महोबा जनपद मुख्यालय में संत कबीर अमृतवाणी सत्संग समिति के तत्वावधान में कठकुलवा स्थित कबीर आश्रम में कबीर अमृतवाणी सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार को कार्यक्रम का शुभारंभ 'सत्संग कबीर वंदना जय कबीर जय कबीर, जय गुरु कबीरा। दास तोरे द्वार खड़े, उनकी हरो पीरा' से हुआ। समिति के प्रमुख एवं साईं डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एल.सी. अनुरागी ने कहा कि आज का मानव कुछ परोपकार, दान-पुण्य, गरीबों के लिए कुछ धन खर्च करता है तो अहंकार वश ढिंढोरा पीटता है कि मैंने महान कार्य किया, परंतु परमात्मा की कृपा को भूल जाता है कि परमात्मा ने आपके ऊपर कृपा की, जब आप दान, पुण्य, गरीबों की सेवा कर पाये। लोग आपको जान पाये। अतः परमात्मा की कृपा कभी न भूलें।

डॉ. अनुरागी ने साखी 'ना कछु किया न करि सका, न करने जोग शरीर। जो कुछ किया साहिब किया, तोते भये कबीर।' की विस्तार से व्याख्या की। पं. अवधेश ने सत्संग का महत्व बताया। उमराव सिंह उर्फ मुन्ना ने कबीर मन निर्मल भयो जैसे गंगा नीर की व्याख्या की। पं. हरिशंकर नायक ने कहा कि प्रेम की भक्ति से ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। भजनों में वीरभूमि राजकीय डिग्री कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. एस.एस. राजपूत ने 'साहब दुनिया में क्या हो रहा है, पाप हँसता, धर्म रो रहा है', प्रस्तुत किया। तो संगीत शिक्षक निलेश ने 'चदरिया हो गई पुरानी, अब तो सोच समझ अभिमानी ', एवं पं. जगदीश रिछरिया ने 'ओ पापी मन कर लो भजन' रचना प्रस्तुत की।अंत में निजाम मास्टर ने 'कुछ लेना न देना मगन रहना' भजन सुनाकर खूब तालियां बटोरीं। सत्संग में राधेश्याम कुशवाहा, रामेश्वर चौरसिया, मास्टर निजाम, भजन गायक इन्द्रजीत सिंह, कामता प्रसाद चौरसिया, विनोद, पं. आशाराम तिवारी, हरिश्चंद्र वर्मा, रामदीन अनुरागी, नन्दिनी अनुरागी आदि भक्त उपस्थित रहे।

24 घंटे में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत, कई लोग घायल

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, हमीरपुर : उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में चौबीस घंटे के भीतर सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई वही कई लोग घायल हुए। पुलिस ने रविवार को मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराने की तैयारी की है।

मौदहा कोतवाली क्षेत्र के मवइया-नरायच गांव मध्य कबरई महोबा से कानपुर जा रहे डंपर ने गांव पढ़ोरी मौदहा निवासी बाइक सवार रामकृपाल (50) को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई है। ां सीओ राजकुमार पांडेय ने बताया कि डंपर को कब्जे में ले लिया गया है। डंपर अनुज कुमार यादव पुत्र गुलाब सिंह यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए मर्चरी हाउस में रखवा दिया गया है। रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह से सिसोलर थाना क्षेत्र के भुलसी गांव के निवासी विनय कुमार अपनी पत्नी आरती 26 वर्ष और बच्चों के साथ बाइक से सदर अस्पताल में भर्ती रिश्तेदार को देखने जा रहा था।

सुमेरपुर थानाक्षेत्र के मुंडेरा मार्ग में मिहुना गांव के समीप ब्रह्मदेव स्थान के पास सिसोलर की ओर जा रही तेज रफ्तार कार में बाइक में टक्कर मार दी। इससे विमल बाइक से उछलकर सड़क में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

पति ने उसे इलाज के लिए कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया यहां डॉक्टरो ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पति पुलिस को बगैर सूचना दिए शव को लेकर वापस गांव लौट गया मृतका के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। पति ने फोन बंद कर रखा है इससे पहले राठ कोतवाली क्षेत्र में कार और बाइक की टक्कर मे चाचा भतीजे की मौत हो गई वहीं कार सवार पांच लोग घायल हो गए । घायलों में तीन लोगों को मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। मुस्करा थाना क्षेत्र के बंडवा गांव स्थित श्रीरामपुर डेरा निवासी सर्वेश पुत्र मथुरा अपने भतीजे अरविंद पुत्र करन सिंह के साथ महोबा जनपद के कुनहटा गांव अपनी बहन से मिलने जा रहे थे। मृतक सर्वेश के भाई मुन्ना के मुताबिक, धनोरी गांव के पास राठ की ओर से आ रही तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सर्वेश और अरविंद ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में कार सवार पांच लोग भी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत ठीक बताई जा रही है।

एक लाख दीपों से आलोकित होगा श्रीरामजन्मभूमि परिसर

अयोध्या । श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र परिसर आगामी 7 नवंबर को लगभग एक लाख दीपों से आलोकित होगा।। इस दीपोत्सव की तैयारियों एवं दीप प्रज्ज्वलन के लिये लगभग एक हजार कार्यकर्ता सेवा देंगे। सम्पूर्ण परिसर को पांच जोन में विभाजित कर प्रत्येक जोन के प्रभारी एवं उनकी टीम निर्धारित कर दी गई है। आगामी पांच दिनों में इस कार्ययोजना को मूर्त रूप दिया जाएगा। यात्री सुविधा केन्द्र (पीएफसी) के सभागार में शनिवार को हुई बैठक में दीपोत्सव की कार्ययोजना को अन्तिम रूप दिया गया। बैठक में आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं का दायित्व सँभाल रहे प्रमुख कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एयर मार्शल जितेन्द्र मिश्र (सेवानिवृत्त), सचिव जगदीश आफले तथा जगन्नाथ गुलवे ने सम्पूर्ण कार्ययोजना विस्तार से समझाई। श्रीरामलला विराजमान मन्दिर का विशेष अलंकरण किया गया है। आगामी पांच दिनों में परिसर के अन्य भागों के अलंकरण एवं दीप प्रज्ज्वलन की तैयारियों को भी आगे बढ़ाया जाएगा।

अयोध्या के दसवें दीपोत्सव में पांच देशों की रामलीला का रंग

दक्षिण अफ्रीका से थाईलैंड तक के कलाकार सजाएंगे रामनगरी

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, अयोध्या : रामनगरी का दसवां दीपोत्सव इस बार अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक रंगों से सराबोर नजर आएगा। दीपोत्सव में पांच देशों के कलाकार अपनी-अपनी परंपराओं और शैली में रामलीला का मंचन कर भगवान श्रीराम की कथा को वैश्विक मंच प्रदान करेंगे। दक्षिण अफ्रीका की दो टीमों के साथ श्रीलंका, नेपाल, लाओस और थाईलैंड के कलाकारों की प्रस्तुतियां प्रस्तावित हैं। इसके अलावा फिलीपींस, थाईलैंड और रूस के कलाकारों की भागीदारी को लेकर भी तैयारी चल रही है।

देश-विदेश के करीब 2500 कलाकार छह लघु, चार मध्यम और दो दीर्घ मंचों पर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। वहीं, असम, बंगाल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और केरल की रामचरित्र एवं रामकथा आधारित प्रस्तुतियां भी दीपोत्सव की सांस्कृतिक विविधता को विस्तार देंगी।

विदेशी रामलीला में दिखेगी अलग-अलग देशों की संस्कृति : दीपोत्सव को केवल दीप प्रज्ज्वलन और धार्मिक आयोजन तक सीमित न रखकर इसे वैश्विक सांस्कृतिक उत्सव के रूप में विकसित करने की तैयारी है। विभिन्न देशों की रामलीला शैलियों के माध्यम से दर्शकों को यह देखने का अवसर मिलेगा कि अलग-अलग भाषाओं, वेशभूषाओं और लोक परंपराओं में भगवान श्रीराम की कथा किस तरह प्रस्तुत की जाती है। दक्षिण अफ्रीका की दो टीमों की भागीदारी विशेष आकर्षण होगी।

श्रीलंका, नेपाल, लाओस और थाईलैंड के कलाकार भी अपनी सांस्कृतिक विरासत के अनुरूप रामलीला का मंचन करेंगे। फिलीपींस, थाईलैंड और रूस के कलाकारों की प्रस्तुतियों को लेकर भी प्रक्रिया चल रही हैं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से अयोध्या में विभिन्न देशों की कला, संगीत, नृत्य और रंगमंच की झलक एक साथ देखने को मिलेगी।

12 मंचों पर 2500 कलाकारों की प्रस्तुतियां

संस्कृति विभाग की ओर से छह लघु, चार मध्यम और दो दीर्घ मंच तैयार कराए जाने की योजना है। इन मंचों पर लगभग 2500 भारतीय और विदेशी कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। आयोजन में पांच राज्यों की भागीदारी भी रहेगी। असम, बंगाल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और केरल के कलाकार श्री रामचरित्र एवं श्रीराम कथा से जुड़ी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। इस तरह दीपोत्सव में देश के अलग-अलग क्षेत्रों की लोक परंपराओं के साथ अंतरराष्ट्रीय रामलीला का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।

आपका राशिफल 02 नवम्बर

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-2-5-7

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रुकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-6-8

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक 1 4 6

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): राजकीय कार्यों से लाभ। सामाजिक मान सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-4-6-8

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़ तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-5-7-8

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू): स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-7

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-5-6

मकर (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-4-7-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा): स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक 3 5 9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-8

एसजीपीजीआई भर्ती परीक्षा रद्द

भर्ती परीक्षा में कथित धांधली पर अभ्यर्थियों का हंगामा, जाँच के आदेश

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया लखनऊः संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में नर्सिंग और अस्पताल परिचारक पदों की भर्ती परीक्षा रविवार को विवाद के बाद रद्द कर दी गई। दूसरे चरण की परीक्षा दो पालियों में सात केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसमें करीब 8,500 अभ्यर्थी शामिल हुए। परीक्षा में गड़बड़ी और प्रश्नपत्र लीक होने के आरोप लगाते हुए अभ्यर्थियों ने हंगामा किया। संस्थान ने आरोपों की जांच विशेष कार्यबल को सौंप दी है।

अभ्यर्थियों का आरोप था कि परीक्षा के दौरान कार्यालय के भीतर उत्तरपत्रक भरे जा रहे थे और परीक्षा में नकल कराई जा रही थी। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और अभ्यर्थियों को समझाकर शांत कराया। अभ्यर्थियों ने कथित धांधली से जुड़े वीडियो और जानकारियां भी साझा कीं। लखनऊ के एसडीएसएन डिग्री कॉलेज, एसडीएसएन पब्लिक स्कूल और ज्यूरिस कॉलेज ऑफ लॉ सहित कई केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई थी। अभ्यर्थियों के अनुसार, कुछ केंद्रों पर जैवमितीय जांच में परेशानी आई, जिसके कारण परीक्षा शुरू होने में देर हुई। उनका कहना था कि तकनीकी खामियों को समय रहते ठीक किया जाना चाहिए था।

प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने मांग की कि केवल कुछ केंद्रों की परीक्षा रद्द करना पर्याप्त नहीं है। अस्पताल परिचारक पद की पहली पाली की पूरी परीक्षा निरस्त की जाए। उनका कहना था कि वे उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों से परीक्षा देने लखनऊ पहुंचे थे। अचानक परीक्षा रद्द होने से उन्हें परेशानी हुई।

हंगामे के बीच संस्थान के परीक्षा प्रकोष्ठ के संकाय प्रभारी डॉ. विजय उपाध्याय ने तीन केंद्रों पर परीक्षा रद्द करने का आदेश जारी किया। उन्होंने इसकी वजह परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी के कामकाज में आई अड़चन बताई। जिन केंद्रों पर परीक्षा रद्द की गई, उनमें एसडीएसएन डिग्री कॉलेज, एसडीएसएन पब्लिक स्कूल और ज्यूरिस कॉलेज ऑफ लॉ शामिल हैं। बाद में संस्थान के निदेशक प्रो. आरके धीमन ने बताया कि तकनीकी कारणों से कुछ केंद्रों पर परीक्षा बाधित हुई थी। अभ्यर्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए लखनऊ के सभी सात केंद्रों पर हुई परीक्षा निरस्त कर दी गई है। उन्होंने करीब एक महीने बाद दोबारा परीक्षा कराने की बात कही। संस्थान के परीक्षा प्रकोष्ठ ने संबंधित अभ्यर्थियों को अगली तारीख की जानकारी बाद में देने की बात कही है।

परीक्षा में अव्यवस्था के बीच संस्थान की प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल उठे हैं। संयुक्त निदेशक प्रशासन का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे प्रकाश सिंह को भर्ती परीक्षाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

संस्थान की अपर निदेशक कृतिका शर्मा ने एक सितंबर 2026 को निदेशक डॉ. आरके धीमन को पत्र लिखकर अतिरिक्त प्रभार की व्यवस्था पर आपत्ति जताई थी। इसके बावजूद व्यवस्था में बदलाव नहीं किया गया। संयुक्त निदेशक प्रशासन के पद पर कर्नल जयदीप सिंह घुम्मन एक सितंबर 2024 से 11 फरवरी 2026 तक प्रतिनियुक्ति पर तैनात थे।

आजम को 14 दिन की न्यायिक हिरासत, डासना जेल भेजे गए

गाजियाबाद। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को गाजियाबाद की विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्रवर्तन निदेशालय ने रविवार सुबह 10.30 बजे उन्हें अदालत में पेश किया। सुनवाई के बाद आजम खान को सीधे डासना जेल ले जाया गया। इस दौरान प्रवर्तन निदेशालय की टीम के साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और पुलिस के करीब 100 जवान मौजूद रहे।

अदालत परिसर पहुंचने पर आजम खान शांत दिखाई दिए। वह लोगों की ओर देखते रहे। कार की खिड़की का शीशा खोलने पर जब पत्रकारों ने उनसे कुछ कहने के लिए पूछा, तो उन्होंने जवाब दिया, 'क्या रह गया है बोलने को।'

धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार शाम रामपुर जेल से बाहर आते ही आजम खान को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद उन्हें कार से सीधे दिल्ली स्थित निदेशालय के मुख्यालय ले जाया गया, जहां रातभर पूछताछ की गई। जौहर विश्वविद्यालय के निर्माण में सरकारी धन के इस्तेमाल को लेकर उनसे 50 से अधिक सवाल पूछे गए। इससे पहले 29 अक्टूबर को उच्च न्यायालय ने दो पैन कार्ड मामले में आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला खान की 10 साल की सजा स्थगित करते हुए दोनों को जमानत दे दी थी।

इसके बाद दोनों को रामपुर जेल से रिहा किया गया था। वे करीब 11 महीने से जेल में बंद थे। रिहाई के बाद अब्दुल्ला अपने घर चले गए थे।

कार्रवाई पर नेताओं की प्रतिक्रियाः

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आजम खान को मुसलमान होने या विश्वविद्यालय बनाने की सजा नहीं मिल रही है, बल्कि अपराध और भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई हो रही है। उन्होंने मांग की कि अखिलेश यादव को भी जांच के दायरे में शामिल किया जाए।

भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि आजम खान के बयानों और उनके किए गए कामों पर अदालत फैसला करेगी। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि कानून सभी पर लागू होता है, चाहे व्यक्ति आजम खान हो या कोई अन्य।

लंदन में वकालत व कोलकाता में नौकरी छोड़ सात युवतियां लेंगी जैन दीक्षा

सहारनपुर। सहारनपुर में सात युवतियां सांसारिक जीवन त्यागकर जैन साध्वी बनने जा रही हैं। इनमें प्रखर दीदी और रंगोली दीदी भी शामिल हैं। दोनों ने अच्छे करियर और सुख-सुविधाओं से भरा जीवन छोड़कर साधना का मार्ग चुना है। प्रखर ने लंदन में वकालत की, जबकि रंगोली कोलकाता में करीब 10 वर्ष तक सनदी लेखाकार के रूप में कार्यरत रहीं।

दोनों के संयम संकल्प को लेकर शनिवार को बैंड-बाजे और जैन धर्म के जयकारों के साथ यात्रा निकाली गई। यात्रा जैन बाग मंदिर पहुंची, जहां समाज के लोगों की मौजूदगी में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ गोद भराई की रस्म निभाई गई। अब 22 नवंबर 2026 को मध्यप्रदेश के सोनागिरि तीर्थ में श्रमणी आर्यिका दीक्षा महोत्सव आयोजित होगा। सहारनपुर निवासी जिनेंद्र कुमार जैन और ज्योति जैन की बेटी प्रखर ने विधि स्नातक और विधि स्नातकोत्तर की पढ़ाई की है। इसके बाद उन्होंने लंदन में वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में काम किया। उनका करियर आगे बढ़ रहा था और इसी दौरान उनका चयन न्यायाधीश के पद के लिए भी हुआ। हालांकि, उन्होंने यह अवसर ठुकराकर साधना का मार्ग चुन लिया।

जिनेंद्र कुमार जैन और सविता जैन की बेटी रंगोली ने वाणिज्य स्नातक के बाद सनदी लेखाकार की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने कोलकाता में करीब दस वर्ष तक काम किया। अच्छे करियर के बावजूद उन्होंने नौकरी छोड़कर संयम का रास्ता अपनाने का निर्णय लिया।

योगी आदित्यनाथ देश के सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्री

फेम इंडिया सर्वेः एक हजार में से 897 अंक लेकर पहले स्थान पर, धामी दूसरे

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ : फेम इंडिया पत्रिका और एशिया पोस्ट ने रविवार को 'सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्री 2026' सर्वे के परिणाम जारी किए। इसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देशभर में पहला स्थान हासिल किया। उन्हें एक हजार में से 897 अंक मिले। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 881 अंकों के साथ दूसरे और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा 874 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान 856 अंकों के साथ चौथे और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 844 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू 842 अंकों के साथ छठे, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग 838 अंकों के साथ सातवें और तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी 827 अंकों के साथ आठवें स्थान पर रहे।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 803 अंक लेकर नौवें स्थान पर रहे, जबकि मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा 802 अंकों के साथ दसवें स्थान पर रहे। सर्वे में कुल 15 मुख्यमंत्रियों को स्थान दिया गया है। पहले दस स्थानों पर रहे मुख्यमंत्रियों को 'सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्री' और 11वें से 15वें स्थान तक के मुख्यमंत्रियों को 'मुख्यमंत्री पंचरत्न' श्रेणी में शामिल किया गया।



दूसरी श्रेणी में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस 788 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता 768 अंकों के साथ दूसरे, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला 766 अंकों के साथ तीसरे, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल 760 अंकों के साथ चौथे और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 746 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

फेम इंडिया पत्रिका ने एशिया पोस्ट के साथ मिलकर यह सर्वे कराया। करीब तीन से चार महीने तक चले सर्वेक्षण में मुख्यमंत्रियों के कामकाज को समझने के लिए तीन चरणों में लोगों की राय ली गई। पहले चरण में सामाजिक माध्यमों और अन्य संचार मंचों पर मुख्यमंत्रियों से जुड़ी खबरों, चर्चाओं और प्रतिक्रियाओं का अध्ययन किया गया। दूसरे चरण में विभिन्न क्षेत्रों के जानकारों और विशिष्ट लोगों की राय ली गई। तीसरे चरण में आम लोगों से सीधे बातचीत कर उनके अनुभव और विचार जाने गए।

तीनों चरणों से मिली जानकारी के आधार पर मुख्यमंत्रियों को दस मानकों पर परखा गया। इनमें सुशासन, कानून-व्यवस्था, व्यक्तित्व, छवि, कार्यक्षमता, प्रभाव, विभागों की समझ, लोकप्रियता, दूरदर्शिता तथा कार्यशैली और परिणाम शामिल थे। प्रत्येक मानक के अंकों को जोड़कर एक हजार में से कुल अंक निर्धारित किए गए।

सर्वेक्षण में प्रशासन की पारदर्शिता और जवाबदेही, सुरक्षा और अपराध नियंत्रण, नेतृत्व क्षमता, निर्णय लेने का तरीका, जनस्वीकृति, सरकारी योजनाओं के परिणाम और भविष्य की योजनाओं को भी मूल्यांकन का आधार बनाया गया। इसका उद्देश्य मुख्यमंत्रियों की लोकप्रियता के साथ उनके कामकाज और प्रशासनिक क्षमता का आकलन करना था।

आम सूचना

(एचआईजी फ्लैट क्रमांक 09, बी-1 टाईप स्थित सागर प्रीमियम टॉवर, ग्राम दामखेड़ा विरान, वार्ड क्रमांक 84, तहसील कोलार, जिला भोपाल कुल क्षेत्रफल 105 वर्गमीटर के संबंध में कोई संव्यवहार न किये जाने संबंधी)

मैं अपने पक्षकार डॉ. चक्रेश जैन, आत्मज श्री कपूर चंद जैन, निवासी-बाजार चौक, लखनादौन, गाँधी वार्ड क्रमांक 10, सिवनी (म.प्र.) की ओर से सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में श्री जयकृष्ण मोहंता, आत्मज स्वर्गीय श्री गोविंदा चन्द्र मोहंता, निवासी-फ्लैट क्रमांक 202, बी-ब्लॉक, वंदना टावर, 10, हैडोस रोड, चेन्नई (तमिलनाडु) के साथ क्रय करने संबंधी विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 18.04.2026 को निष्पादित किया गया है और इस बाबत् राशि रू. 3.00 लाख भी उनके पक्ष में ऑनलाईन अंतरित कर दी गई है, जिसकी प्राप्ति अभिस्वीकृति उपरोक्त विक्रय अनुबंध पत्र में उल्लेखित है । बैंक द्वारा अनुबंध पत्र में वर्णित शेष विक्रय प्रतिफल की राशि भी दिनांक 02.07.2026 को स्वीकृत की जा चुकी है और श्री जयकृष्ण मोहंता के पक्ष में डिमाण्ड ड्राफ्ट भी तैयार है, जो विक्रय विलेख के निष्पादन के समय श्री जयकृष्ण मोहंता को देय है। उसके उपरांत मेरे पक्षकार के निरंतर के अनुरोध किए जाने के उपरांत भी श्री जयकृष्ण मोहंता द्वारा अनुबंध पत्र में वर्णित शेष राशि प्राप्त कर उक्त संपत्ति के संबंध में विक्रय विलेख का निष्पादन मेरे पक्षकार के पक्ष में नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में मेरे पक्षकार द्वारा श्री जयकृष्ण मोहंता को दिनांक 18.10.2026 को नोटिस भी जारी किया जा चुका है। मेरे पक्षकार को इस बात की जानकारी प्राप्त हुई है कि श्री जयकृष्ण मोहंता द्वारा अनुचित एवं अनाधिकृत तौर पर किसी तृतीय पक्षकार को उपरोक्त संपत्ति विक्रित/अंतरित करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि उन्हें ऐसा करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं है, क्योंकि उक्त संपत्ति के संबंध में पूर्व में ही श्री जयकृष्ण मोहंता द्वारा मेरे पक्षकार के साथ उपरोक्त अनुबंध पत्र निष्पादित किया जा चुका है। अतएव सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति के संबंध में कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा उपरोक्त श्री जयकृष्ण मोहंता से कोई भी संव्यवहार न करें, यदि उनके द्वारा ऐसा किया जाता है तो वह संव्यवहार पूर्णतः शून्य व निष्प्रभावी होगा और जिसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सुभाष मिश्रा, अधिवक्ता
शॉप नं. 1, ई-352, 353, श्रीकृष्णपुरम, होशंगाबाद रोड़, मो. 9039985660

3014